क्यूँ नहीं जी सकती स्वतंत्र जीवन
ज़िंदगी चलने दो जैसी है।

पहनावे में परिवर्तन क्यों हो
सोच में क्यों नहीं
लड़कों का गलत ढंग से लड़कियों को देखना
क्यों माना जाता है सही ?

जब तक इस पापी मन का मैल
नहीं हो पाएगा साफ
तब तक असमर्थ है भगवान भी
करने के लिए मनुष्य को साफ़।

बाकी महापुरूषों की तरह
गाँधी जी के भी थे यही विचार
तन का ही नहीं
मन का भी मैल निकालो बाहर ।।

परिधि गुप्ता
सातवीं लिली

लोरेटो कॉन्वेंट तारा हॉल के लिए कुछ पंक्तियाँ

हम सबकी आँखों का तारा
तारा-हॉल है सबसे प्यारा ।
जितने भी गुरूजन हमारे
मृदुभाषी और सज्जन सारे
ऐसी शिक्षा हैं ये देते
जिससे पथ हो उजियारे,
छंट जाए पथ से अंधियारा
तारा-हॉल है सबसे न्यारा।
हम पर इसका कर्ज़ है भैया
हमारा भी कुछ फर्ज़ है भैया
एहसान इसका भूलें न हम
इतनी सी बस अर्ज़ है भैया,
चाहिए सहयोग इसे हमारा
तारा-हॉल है सबसे न्यारा।
खुद ही अपना सानी है यह
और नहीं कोई इस सा दूजा
समर्पण, निष्ठा-भाव से जिसने
सदा कर्म को माना पूजा,
शत-शत इसको नमन हमारा
तारा हॉल है सबसे न्यारा।
इसने सदा हमें सिखाया
जीवन पथ पर आगे बढ़ना।
न्याय का हमजोली बनकर
हमारे जीवन को संवारा
तारा-हॉल है सबसे न्यारा।
इसका नाम बढ़ाएँगे हम
इसका मान बढ़ाएँगे हम
कभी गर इस पर आन पड़ी तो
इस पर बलिहारी जाएँगे हम
सौभाग्य होगा वह हमारा
तारा-हॉल है सबसे न्यारा।
अनुशासन से हम सीखें रहना
पर-पीड़ा को सीखें सहना
अच्छे नागरिक बनें आप सब
यही कुछ है मुझको कहना,
जीवन होगा सफल हमारा
तारा-हॉल है सबसे न्यारा।
हम सबकी आँखों का तारा
तारा-हॉल है सबसे प्यारा ।

जोएल अमरैईक
कक्षा-2 (लिली)
(अपनी प्रिय पोती जोएल अमरैईक
के लिए उसके दादू
आर. एल. चौहान की ओर से)

भूल ना जाना

ताराहॉल स्कूल के विद्यार्थियों! मत जाना तुम भूल
अच्छे हैं अध्यापक इसके अच्छे हैं उनके रूल !
अनुशासन का रखो ध्यान ।
सभी विद्यार्थी मिल कर बढ़ा रहे,
ताराहॉल स्कूल की शान ।
बड़े चतुर हैं विद्यार्थी इसके,
आज्ञाकारी और महान ।
यह है हमारा पढ़ाई का मन्दिर,
सदा बढ़ाओ इसकी शान ।
हानि इसको कभी न पहुँचे,
बढ़े हमेशा स्कूल की शान

ऋषिका ठाकुर
चौथी रोज़

मेरा स्कूल

मेरा स्कूल है सबसे अच्छा,
नाम है उसका तारा हॉल ।
लम्बी छुट्टियों के बाद,
आती है पहली मार्च ।
तब होती है स्कूल की शुरूआत,
स्कूल होता है शुरू 8:15 पर।
दोस्तों से मिलते स्कूल में हम,
नई-नई कक्षाओं में जाते।
वे अपना उदाहरण देते,
दिल से बच्चों का स्वागत करते।
तरह-तरह के त्योहार मनाते,
रोज़ उस निर्धन त्योहार के लिए अभ्यास करते।
पढ़ते-लिखते, खेलते-कूदते,
अलग-अलग अध्यापकों से हम सीखते ।
पढ़ते हैं हम अलग-अलग तरह के विषय,
ब्रेक में खाते-पीते और खेलते हम खूब ।
स्कूल में आते हैं बड़े मज़े,
आखिरकार दिन खत्म ।
फिर वापस घर जाते,
पूरा साल ऐसे ही बीत जाता ।
साल के आखिर में,
होती बहुत छुट्टियाँ ।
दोस्तों व अध्यापकों को कहना पड़ता अलविदा,
जाते-जाते साथ में साल भर की स्कूल की यादें
ले जाते। हम न भूलें अपने दोस्तों व अध्यापकों
को, फिर करते स्कूल को अलविदा।
मुझे अपना स्कूल प्यारा है।

आरिया चौहान
पाँचवीं लिली



ईश्वर का वरदान -बेटियाँ

क्या नहीं जो 'ये' न कर पाएँ,
घर-बाहर दोनों को सँभाले ।
घर-आँगन की शान हैं बेटियाँ,
माता-पिता की जान हैं बेटियाँ।



कीमत इनकी जो न पहचाने,
हैं नादान जो 'इन्हें' बोझ मानें।
करती पूरे सब फर्ज़ बेटियाँ,
समझो तो पूरा जहान हैं बेटियाँ।

प्यार और हक दो इन्हें,
तोड़ो मत, खिलने दो इन्हें।
दिल की दुआएँ, अरमान हैं बेटियाँ,
ईश्वर का अनमोल वरदान हैं बेटियाँ।

सोनिका शर्मा
(अध्यापिका)

भोले-भाले नन्हे बच्चे

बच्चे कितने भोले होते, समझ नहीं जो कुछ पाते
इक पल हँसते-मुस्कुराते हैं दूजे पल ही उदास हो जाते।
ये भोली रत्नारी अखियाँ पल भर में हो जाती गीली
अधरों पर वह थिरकती हंसी अचानक हो जाती दर्दीली।
फूल-सा नाजुक यह दिल उनका टूट जाता है ठोकर खाकर
खिल उठता है वह दोबारा हमदर्दी का मरहम पाकर ।
ईश्वर का वरदान अनोखा नन्हें-नन्हें ये फरिश्ते
आसानी से नहीं टूटते बंध जाते जो इनसे रिश्ते ।
नन्हें-नन्हें इन पौधों को जरूरत होती ममता जल की
अपने आज में मस्त ये रहते फिक्र नहीं है कल की ।
नन्ही आँखों में हो खुशियाँ खुलकर हँसें व मुस्काए
देवदूत से इन बच्चों को मिलकर हम सब गले लगाएँ।

जोएल अमरैईक
दूसरी लिली

(नन्ही सी अपनी प्रिय जोएल के लिए उसके दादू आर. एल. चौहान द्वारा रचित कुछ पंक्तियाँ)



1. ऐसी कौन सी सिटी है जिसके अंदर नहीं जा सकते?
2. ऐसा कौन सा गेट है जिसके अंदर नहीं जा सकते हैं?
3. रात को रोती हूँ दिन को सोती हूँ। बोलो मैं कौन हूँ?
4. ऐसी कौन सी चीज़ है जिसे खाते भी हैं, उससे डरते भी हैं और खेलते भी हैं?
5. मैं कट रहा हूँ तुम क्यों रो रहे हो?
6. ताला-चाबी कौन सी चीज़ का नाम है?
7. तीतर के दो आगे तीतर, तीतर के दो पीछे तीतर, आगे तीतर, पीछे तीतर, बोलो कितने तीतर?

उत्तर

1. इलेक्ट्रीसिटी 5. प्याज़
2. कॉलगेट 6. लौकी
3. मोमबत्ती 7. तीन
4. योयो हनी सिंह

ओजस्वी चौहान
चौथी रोज़

1. मैं हूँ कुछ ऐसा, जिसे तुम
अपने, खाने में हो डालते, पर
न हूँ मैं मीठा, न हूँ खट्टा,
बस हूँ वो जो है, नमकीन-सा ।

2. हमें तुम अपनी अध्यापिका को हो देते
कभी-कभी हम होते पूजा में इस्तेमाल
पर हम हैं अलग-अलग रंग के।
कोई नीला कोई पीला, कोई बड़ा, कोई छोटा,
कोई खूबसूरत, कोई बदसूरत।

3. एक जानवर ऐसा
जिसकी दुम पर पैसा।
है वह बहुत नखरीला
और तो और भड़कीला
है तो बहुत खूबसूरत,
पर टाँगों से है बदसूरत।

1. नमक 2. फूल 3. मोर

आरिजयका शर्मा
चौथी रोज़



चुटकुले



1) दादा (पोते से) टीचर आ रही है। जाकर छुप जा।
पोता– पहले आप छुप जाओ, आपके मरने के बहाने मैंने दो हफ्ते की छुट्टी ली है।

2) अध्यापिका– 1869 में क्या हुआ था ?
छात्रा– गाँधी जी का जन्म।
अध्यापिका– 1873 में क्या हुआ था ?
छात्र– गाँधी जी 4 साल के हुए थे।

3) हिंदी कैसे हमारी ऊर्जा और समय बचाती है देखिए–:
In English- I am sorry, I can not hear you properly, can you please repeat what's the matter?
In Hindi-: "हैं?"

जयनी भगवती
सातवीं लिली

बताओ तो जानें

(क) वह कौन-सा जानवर है जिसे गुलाबी पसीना आता है?
(ख) वह कौन-सा जानवर है जो पैदा होने पर मात्र एक इंच का होता है?
(ग) भारत की कौन-सी नदी है जिसमें हीरे पाए जाते हैं?
(घ) कौन-सी ऐसी गैस है जिसके सूंघने पर आदमी केवल हँसता ही रहता है?
(ड.) आग बरसाने वाला पेड़ कहाँ स्थित है?
(च) सात पहाड़ियों का नगर किस देश को कहते हैं?
(छ) कौन-सा जीव पानी नहीं पीता?
(ज) विश्व का कौन-सा देश है जो कपड़े पर अखबार निकालता है?
(झ) सबसे कम अक्षरों वाली भाषा कौन-सी है?
(ञ) किस नगर में दो महीनों का दिन होता है?
उत्तर: (क) दरियाई घोड़ा, (ख) कंगारू, (ग) कृष्णा नदी (दक्षिण भारत),(घ) नाइट्रस ऑक्साइड, (ड.)ब्राज़ील में, (च) रोम, (छ) कंगारू रैट, (ज) स्पेन, (झ) इटालियन (20अक्षर), (ञ) हैमराफस्ट (नार्वे)

इनाया आज़मी
आठवीं लिली

अध्यापिका– इस गधे को यहाँ क्यों लेकर आ गए?
चिंटू– मैडम, आपने ही कहा था कि आप बड़े–बड़े गधों को इंसान बना देती हैं।

पहला मूर्ख दोस्त (दूसरे से)– यार तुम्हारा पेपर कैसा हुआ ? मैं तो खाली कॉपी देकर आया हूँ।
दूसरा (चिंतित होकर)– कहीं अध्यापक यह न समझे कि हम दोनों ने नकल की है।

डॉक्टर- आपको तुरंत अस्पताल में दाखिल हो जाना चाहिए ।
लड़की- क्यों डॉक्टर साहब?
डॉक्टर- क्योंकि आपका वजन एक दिन में एक किलोग्राम कम हो गया है।
लड़की- डॉक्टर साहब, चिंता की कोई बात नहीं है, दरअसल कल मैंने मेकअप कर रखा था ।

नौकर- हुजूर खत आया है ।
जेलर- किस बेवकूफ के लिए ?
नौकर- आपके लिए ।
जेलर- किस बेवकूफ ने लिखा है ?
नौकर- आपके बाप ने ।


वृषाही डिडवाल
चौथी रोज़

एक बार पापा और उसका बेटा दुकान से चॉकलेट लेकर जब वापिस आते हैं तो चॉकलेट नीचे गिर जाती है। बेटा गिरी हुई चॉकलेट उठाने लगता है तो पापा बोलते हैं कि नीचे गिरी हुई चीज़ नहीं उठाते। थोड़ा आगे एक बड़ा-सा गड्ढा था। उसके पापा उसमें गिर गए। पापा बेटे से बोले कि बेटा मुझे बाहर निकालो, तो बेटा बोला कि आपने ही तो कहा था कि नीचे गिरी हुई चीज़ नहीं उठाते।

पंकज व कल्पना पति-पत्नी हैं। एक बार पंकज ऑफिस के लिए लेट हो रहा था। जल्दी में घर से नीचे चला गया तो कुछ चीजें भूल गया। वह आवाज़ लगाता है कि मेरी घड़ी देना ज़रा। कल्पना घड़ी नीचे फेंकती है तो वो टूट जाती है। पंकज कल्पना को बोलता है चशमा देना तो वो भी टूट जाता है। फिर पंकज बोलता है थोड़ा ठहर जा, रूमाल लेने मैं ऊपर आता हूँ।

ओजस्वी चौहान
चौथी रोज़

मेरे पापा सबसे खास



पापा कभी प्यार जताते कभी पसंद नहीं पूछते
मगर पसंद की चीजें बिन कहे लाते हैं कैसे?
पापा बात नहीं करते चुप-चाप ही रहते हैं
मगर मन की बात जान जाते हैं कैसे?
पापा काम से थककर आते हैं जब
अपनी थकान जताते नहीं कैसे?
पापा कभी रोते नहीं रूठते भी नहीं
पर वो अपने आँसुओं को छुपाते हैं कैसे?
पापा बचपन में अपने कँधों से जो छुआई थी ऊँचाई
मैं उस ऊँचाई को आज तक न छू पाई कैसे?
जब कभी मुझ पर आती है मुसीबत
मुझे आसानी से मुसीबत से निकाल लाते हैं कैसे?
मैं पापा का जीवन हूँ
मेरे सब कुछ हैं वो
न कभी कुछ कहते हैं और न कुछ कहने देते हैं
जब भी कहना कुछ चाहूँ तो बदल देते हैं बात कैसे?
पापा लेकिन आज मैं कहना चाहती हूँ
आप हो सबसे खास !!
आप हो सबसे खास !! -

कृति डालमिया
छठी रोज़

नया सवेरा

बीती रात उजाला आया,
सूरज नया सवेरा लाया।
चहके पंछी
महकी बेलें,
आओ साथी हम सब खेलें ।
निकली धूप सिमटती छाया,
सूरज नया सवेरा लाया ।
हरी धूप पर
ओस चमकती,
फलों से मोती-सी झरती ।
गीत नया चिड़ियों ने गाया,
सूरज नया सवेरा लाया,
सूरज नया सवेरा लाया ।

शिमोन शर्मा
तीसरी रोज़

पापा के अरमान

पापा कितने परिश्रम करते,
थक जाने पर भी आराम न करते।
रात दिन वो काम हैं करते,
परिश्रम से वो नहीं डरते।

करते हैं वो दिन रात काम,
इसलिए है दुनिया में उनका नाम।
पापा तो बच्चों के लिए कमाते,
परन्तु बच्चे उन्हें बहुत सताते।

वो तो अन्दर ही अन्दर घुट जाते,
अपना दर्द किसी को न बताते।
पापा हैं गुणों की खान,
उनसे बढ़कर कोई नहीं महान।

उनके कर्मो से बनती है बच्चों की पहचान,
ऊँचा नाम कमाए बच्चें यही है उनका अरमान।
मेहनत से बच्चों को उनकी मंजिल तक पहुँचाया,
गलती को नजर अंदाज कर उन्हें गले लगाया।

करिश्मा बंसल
पांचवी ट्यूलिप



भागीदारी

माँ तू बहुत महान है,
इस धरती की शान है,
पुतली, झाँसी और शिवाजी,
सब तेरी संतान हैं।

डॉक्टर, पायलट, अफसर बनकर,
तूने शान बढ़ाई है,
माँ की शीतल छाया में ही,
सबने ठंडक पाई है !

बेटी हो या हो बेटा,
तेरे लिए समान है,
मित्र, भाभी या बहन,
हर रूप में तू महान है !

माँ बेटी के मेलों में अब,
खुशी-खुशी तुम आती हो,
प्रगति देखकर बच्चों की तुम,
मन ही मन हर्षाति हो !

माँ अब शाला आई है,
भागीदारी निभाई है,
बेटी घर नहीं बैठेगी,
तुमने बात समझाई है !

प्रियल शर्मा
पाँचवी-ट्युलिप

नीम्बू पानी



जून के महीने में, मैं चली गई पंजाब,
तरनतारन की गर्मी से, थी बड़ी परेशान,
हर्ष दीदी ने कहा, ''चल गुरूद्वारे चलते हैं,
पहले मछलियाँ देख, फिर बाबा जी के दर्शन करते हैं।''

मैंने भी हामी भर दी भूल पसीने की बात,
थोड़ा-सा बाजार घूम कर, ली गुरूद्वारे में साँस,
सचमुच बड़ा मजा आ गया खाकर गर्म प्रसाद,
लेकिन फिर तड़फ गए हम देख सूरज का ताप ।

मौसी के घर आकर हम, धम्म से बैठ गए,
ठंडी-ठंडी हवा कूलर की, बड़े खुश हो गए,
लेकिन तभी, कट लग गया बिजली का,
इन्वरटर खराब, फिर समस्या से घिर गए।

हो उदास बैठे थे हम सब,
तभी ताई जी आ गई,
देख ठंडा गिलास नीम्बू पानी का,
मेरी जान में जान आ गई ।

अभिता चौधरी
द्वितीय रोज़

एक बेटी की पुकार.....

माँ ने ही मुझे इस दुनिया में लाया,
आई हूँ बनकर मैं उनका ही साया ।
तेरे लिए ही जी रही हूँ मैं ।
माँ यह दुनिया मुझे सताती है,
हर मोड़ पर मुझे रूलाती है।
तेरे जैसा यहाँ कोई नहीं,
किसी को भी मेरी परवाह नहीं।
क्यों गई माँ तू मुझे छोड़कर
इस आड़े-टेढ़े ज़िन्दगी के मोड़ पर।
तू ही तो थी मेरी चाहत का जहान,
मैं थी जिधर, मेरी माँ थी वहाँ।
क्यों गई है माँ तू मुझसे रूठकर ?



माँ आ जा वापस, नहीं करूँगी तुझसे वह छोटी-बड़ी लड़ाई ।
यह दुनिया तो बुरी निकली, भयानक और पराई।
आकर लगाएगी मुझे तू अपने सीने से,
बैठी हूँ इस चाह में, मैं कब से।
मेरी हँसी थी सिर्फ तुझसे ही,
तेरे जाने के बाद अब वह न रही।
सुन ले अब अपनी बेटी की पुकार,
कर ले फिर से वही लाड़ प्यार,
कर ले फिर से वही लाड़ प्यार।

सभ्या कंवर
नवीं लिली

पर्यावरण

भारत को स्वच्छ बनाना है
भारत को ऊँचा उठाना है
हम सबको ही मिल करके
संभव हर यत्न करके
बीड़ा यही उठाना है
भारत को स्वच्छ बनाना है।।

भारत को ऊँचा उठाना है
होगा जब यह भारत स्वच्छ
सब जन होंगे तभी स्वच्छ
सबको यही समझाना है
भारत को स्वच्छ बनाना है
भारत को ऊँचा उठाना है।।

गंगा माँ के जल को भी
यमुना माँ के जल को भी
मोती सा फिर चमकाना है
भारत को स्वच्छ बनाना है
भारत को ऊँचा उठाना है।।

आओ मिलकर करें संकल्प
हो ना मन में कोई विकल्प
गंदगी को दूर भगाना है
भारत को स्वच्छ बनाना है
भारत को स्वच्छ बनाना है
भारत को ऊँचा उठाना है।।

कशिश कश्यप
आठवीं लिली

बस्ता भारी-भारी

छोटे से बच्चे, बस्ता भारी-भारी
दूर बहुत विद्यालय, कंधा कहता सॉरी।
कितनी ढेर किताबें, कैसे करें पढ़ाई
माँ..... माँ कहना सीखा, तबसे आफत आई।
कब खेलें कब सोएँ, समझ नहीं कुछ आता
गृह कार्य करने में, बचपन बीत जाता।
चकरा जाती मम्मी, आता उन्हें पसीना
गृह कार्य का कोटा, होता खत्म कभी ना ।
माँगें हमारी सुन-सुन पापा परेशान हो जाते
पापा की पॉकेट को खर्चे बहुत सताते।
फूलों-सा बचपन सह, क्यों है बस्ता भारी
हल्का कर दो बस्ते को, होंगे सब आभारी।



दिव्यांशी नेगी
छठी लिली

ज़िन्दगी

यह जिन्दगी चुनौती है,
चुनौतियों से डरना क्या,
तू मुस्कुरा के ज़िन्दगी को,
जीना सीख ले ।
देश के लिए जिए तू देश के लिए मरे,
तू जीना सीख ले.....
प्रभु की सृष्टि में खिले हैं,
फूल भाँति-भाँति के,
खिल-खिल के कह रहे हैं,
तू हँसना सीख ले।
सत्यम शिवम सुन्दरम की,
पूजा करना सीख ले,
तू जीना सीख ले.....
भारत देश महान है,
हर व्यक्ति उसकी शान है,
तू बढ़ के हाथ थाम ले,
कदम-कदम से मिला ले,
मंजिल है तेरे सामने,
न डगमगाएंगें कदम
तू जीना सीख ले.....

दिशिता नारंग
पांचवी रोज़

कुराश, सम्बू, सेपक टकरा

ऐसे खेलों के बारे में क्या आप जानते हैं ?

हाल में संपन्न एशियाई खेलों में कुछ ऐसे भी खेल हैं जो पहली बार शामिल किए गए, तो कुछ ऐसे हैं, जो कई सालों से एशियाई खेलों का हिस्सा हैं लेकिन उनके बारे में कम ही जानकारी है।

कुराश:

यह उज़्बेकिस्तान की पारम्पारिक कुश्ती है इसमें तीन तरीकों हलाल, यमबोश और चाला से खिलाड़ी का प्रदर्शन तय होता है।

इस खेल का मकसद विरोधी को पीठ के बल गिराना होता है। उज़्बेकिस्तान में प्राचीन काल से इसे खेला जा रहा है। दो प्रतियोगी इसमें खेलते हैं।

सम्बू:

यह रूसी मार्शल आर्ट है जो कुश्ती, जूड़ो, जू-जित्सो और कई अन्य मार्शल आर्टस का मिश्रण है। इस साल पहली बार इसे एशियाई खेलों में शामिल किया गया। सम्बू का अर्थ है' बिना हथियार के आत्मरक्षा।'

सेपक टकरा:

यह वॉलीबॉल जैसा खेल है परंतु इसमें हाथों के बजाय पैरों से किक मारकर दूसरे के पाले में फेंकना होता है। यह दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों का पारम्परिक खेल है। इसमें एक टीम में तीन खिलाड़ी होते हैं। इसमें हाथों का इस्तेमाल वर्जित है।

इनाया आज़मी
आठवीं लिली

नटखट भाई



मेरा भाई है नटखट,
जब देखो करता है कट-पट।
जब मैं पढ़ती तब करता है तंग,
जब मैं रोती तो रो देता मेरे संग।
रोते-रोते स्कूल वो जाता,
स्कूल न जाने के रोज़ बहाने बनाता।
मेरी चॉकलेट व खिलौने चोरी कर लेता,
जब बोलो तो दादी से झूठी शिकायत कर देता।
लड़ता मेरे संग और खेलता भी मेरे संग,
मेरा भाई दिवाली का पटाखा और खूबसूरत जैसे
होली का रंग।
मुँह से कुछ न बोलता लेकिन मन में करता मुझसे
माँ-सा दुलार।
वो ही मेरा दोस्त, मेरा भाई और मेरा साया,
वो ही हमारे घर खुशियों का भण्डार लाया।

समायरा नेगी
चौथी-रोज़

बचपन

छीनकर खिलौनों को बाँट दिए गम,
बचपन से दूर बहुत दूर हुए हम ।
अच्छी तरह से अभी पढ़ना न आया,
कपड़ों को अपने बदलना न आया।
लाद दिए बस्ते हैं भारी-भरकम,
बचपन से दूर बहुत दूर हुए हम।

अंग्रेज़ी शब्दों का पढ़ना-पढ़ाना,
घर आकर दिया हुआ काम निबटाना।
होमवर्क करने में फूल जाए दम,
बचपन से दूर बहुत दूर हुए हम।

इतने कठिन विषय कि छूटे पसीना,
रात-दिन किताबों को घोट-घोट पीना।
उस पर भी नम्बर आते हैं बहुत कम,
बचपन से दूर बहुत दूर हुए हम।।

कशिश कश्यप
आठवीं लिली

ज़िंदगी का सच

यह है ज़िंदगी का सच,
जो चाहा कभी पाया नहीं।
जो पाया कभी सोचा नहीं,
जो सोचा कभी मिला नहीं।
जो मिला रास आया नहीं,
जो खोया वो याद आता है,
पर जो पाया संभाला जाता नहीं।
क्यों अजीब सी पहेली है ज़िंदगी,
जिसको कोई सुलझा पाता नहीं।
जीवन में कभी समझौता करना पड़े तो कोई बड़ी बात नहीं,
क्योंकि झुकता वही है जिसमें जान होती है
स्थिरता तो मुर्दे की पहचान होती है।
ज़िंदगी जीने के दो तरीके होते हैं,
पहला: जो पसंद है उसे हासिल करना सीख लो।
दूसरा: जो हासिल है उसे पसंद करना सीख लो।
ज़िंदगी जीना आसान नहीं होता,
बिना संघर्ष कोई महान नहीं होता।
जब तक पड़े न हथौड़े की चोट,
पत्थर भी भगवान नहीं होता।

पर जो हर हाल में खुश हैं,
ज़िंदगी उनके आगे सिर झुकाती है।
चेहरे की हँसी से हर गम चुराओ
बहुत कुछ बोलो पर न छिपाओ
खुद न रूठो कभी, पर सबको मनाओ'
राज़ है यह ज़िंदगी का बस जीते चले जाओ।

रोशनी घई
दसवीं लिली

एक अच्छे ग्रह के लिए सुझाव

हमारी पृथ्वी सारे ग्रहों में सबसे सुन्दर है। पृथ्वी पर जीवन का मुख्य कारण पानी है। इसलिए इंसान के लिए पानी बहुत ज़रूरी है। हमें पानी बचाने की कोशिश करनी चाहिए। पानी बचाने के कई तरीके हैं। हमें अपने घरों में ज़मीन के अंदर टैंक बनाने चाहिए, जिनमें बारिश के पानी को जमा किया जा सके।

यह हमारी ज़िम्मेदारी है कि हम धरती की रक्षा करें। प्रदूषण का मतलब है, हानिकारक चीजों से हमारी हवा, पानी और मिट्टी का प्रदूषित हो जाना। प्रदूषण हमारे स्वास्थ्य को बुरी तरह प्रभावित करता है। हमें प्रदूषण रोकना ही होगा। हमें धरती को बचाना होगा। हमें प्रदूषण रोकना होगा, तभी हम स्वच्छ भारत आंदोलन को भारत वर्ष तथा अन्य देशों में फैला पाएँगे। यह सभी से प्रार्थना है कि हम मिलकर प्रदूषण को कम करें, ताकि हमारा जीवन स्वस्थ और खुशनुमा हो।



दिन प्रतिदिन इंसानों की माँग बढ़ती जा रही है, जिस के कारण पृथ्वी माता का नुकसान हो रहा है। एक उदाहरण देखिए, एक बार जब मैं दिल्ली घूमने गई थी तो रास्ते में मैंने देखा कि कई फैक्ट्रियों से प्रदूषित हवा और पानी निकल रहा है। ये ग्लोबल वॉर्मिंग के लिए जिम्मेदार हैं। अधिक पेड़ लगा कर प्रदूषण को नियंत्रित किया जा सकता है। इस प्रकार ग्लोबल वॉर्मिंग से पृथ्वी को बचाया जा सकता है।

ज्योत्सना सिंह
छठी लिली

नशे के विरूद्ध जागरूकता रैली



नशे के खिलाफ जागरूकता रैली में विद्यालय की ओर से जाने-की खबर पाकर हम सभी छात्राएँ उत्साहित थीं। निश्चित दिन पर सब छात्राएँ स्कूल की वर्दी पहने, हाथों में नशे के विरोध में लिखे गए नारों के पोस्टर लिए, बहुत ही उत्साह और पूरी उमंग के साथ रैली के लिए निकलीं। हम सभी स्कूल से कतारों में निकल कर, फिंगास एस्टेट होते हुए, रिज मैदान पर एकत्रित हुए। शहर के कई अन्य विद्यालयों के छात्र-छात्राएँ भी इस रैली में भाग लेने पहुँचे थे। रिज पर ही प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री जय राम ठाकुर जी ने विद्यार्थियों को सम्बोधित किया और नशे से दूरी बनाए रखने का आह्वान किया और पोस्टरों को ऊँचा उठाए, ज़ोर-ज़ोर से नारे लगाते हुए चलने लगे। स्कैंडल प्वाईंट से नीचे आकर हमने लोअर बाज़ार की ओर रुख किया। स्कूली छात्रों को नशे का विरोध करते देख, दुकानदार और राहगीर जागरूक हुए। लोअर बाज़ार के दूसरे छोर से निकलकर हम क्राइस्ट चर्च की ओर उन्मुख हुए जहाँ पर हमने जलपान किया। थोड़ी देर वही बैठकर हमने अपनी थकान दूर की। इस नेक काम को अंजाम देने के पश्चात सुख का अनुभव हुआ। फिर हम विद्यालय की ओर अग्रसर हुए।



इस रैली से हमने जनता में जागरूकता लाने का प्रयास तो किया, साथ ही इस रैली ने नशे से दूर रहने के हमारे संकल्प को और दृढ़ कर दिया। हमें यह सुनहरा मौका प्रदान करने के लिए मैं विद्यालय की प्रधानाचार्या महोदया की आभारी हूँ। हमारी अध्यापिका श्रीमती उपदेश सूद व सुनीता शर्मा और हमारे अध्यापक श्री दिनेश ठाकुर के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना चाहूँगी जिन्होंने हमारा साथ देकर निरंतर हमारा मनोबल बढ़ाया और हमें प्रोत्साहित किया। नि:संदेह मेरे लिए एक अद्‌भुत अनुभव था।

मयंका शर्मा
नवीं लिली

हिंदी दिवस का आयोजन



शायद ही कोई ऐसा विचार हो जिसे हिंदी में प्रभावी रूप से प्रस्तुत न किया जा सके। हिंदी जैसे समृद्ध भाषा का हमारे जीवन में योगदान होते हुए भी हम इसके महत्व को नज़रअंदाज कर देते हैं। इसी महत्व को उजागर करने के लिए 14 सितंबर 2018 को लोरेटो कॉन्वेंट स्कूल में हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। इस वर्ष सभी तैयारियाँ बहुत उत्साह और उमंग के साथ की गईं। कार्यक्रम में श्री एन॰ के॰ जुल्का जी मुख्यातिथि के रूप में आमंत्रित किए गए। उनके आगमन पर पंचदीप प्रज्वलित कर गायत्री मंत्र के उच्चारण से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। दसवीं कक्षा की छात्राओं ने हिंदी भाषा पर बढ़–चढ़ कर अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने बताया कि किस प्रकार हिंदी पिछले कई वर्षों में चारों ओर अपना विस्तार कर चुकी है। हिंदी भारत की सबसे अधिक बोली और समझी जाने वाली भाषा है। हिंदी के महत्व को दर्शाने के लिए छात्राओं ने एक लघुनाटिका भी प्रस्तुत की ताकि वे जनता तक यह संदेष पहुँचा सकें कि हिंदी का हमारे जीवन में कितना महत्व है। सातवीं और दसवीं कक्षा की छात्राओं ने भाषण और कविता पाठ करके अपने विचार सांझा किए। अंत में अध्यापिकाओं ने मुख्यातिथि का आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम को विराम दिया। छात्राओं ने अपना योगदान देकर यह सिद्ध कर दिया कि हिंदी पिछले 25 वर्षों में न ही अपने स्थान पर अडिग रही है, बल्कि उन्नति के पथ पर भी अग्रसर हुई है।

प्रज्ञा शर्मा
दसवीं रोज़













चाइल्ड ट्रेफिकिंग डे– नुक्कड़ नाटक द्वारा दिया संदेश



30 जुलाई 2018 'चाइल्ड ट्रेफिकिंग डे' पर हमारे विद्यालय की दसवीं कक्षा की कुछ छात्राओं ने मे–फिल्ड माध्यमिक पाठषाला के छात्र एवं छात्राओं को बच्चों के अवैध व्यापार व तस्करी के बारे में सचेत किया। हमारी माननीया प्रधानाचार्या, अध्यापिका उपदेश सूद और अध्यापिका सूज़न भागड़ा की मदद से, हमने एक नुक्कड़ नाटक के माध्यम से छोटे बच्चों को समाज में उनको बहला–फुसलाकर; उनपर हो रहे विभिन्न अत्याचारों से सावधान रहने का संदेष दिया। हमने उन्हें चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर–1098 व महिला हेल्पलाइन नम्बर–1091 दिया ताकि वे किसी विपत्ति में अपनी सहायता कर पाएँ व दूसरों पर ढाए जाने वाले जुल्मों को देखकर, आवाज़ उठाएँ। अंत में हमने छात्र व छात्राओं से बातचीत की और उनसे प्रश्न भी पूछे। यह संदेश उन्हें चार और लोगों को देने के लिए कहा गया जिससे अधिक से अधिक लोग ऐसे नाजुक विषयों के बारे में जान पाएँ। आज भारत जैसे स्वतंत्र देश में बच्चों का शारीरिक शोषण व देह व्यापार किया जाता है, यह एक गंभीर समस्या है। समय रहते हमें इस समस्या को रोकना होगा और यह केवल आने वाली पीढ़ी के हाथों में ही है। जागरूक नागरिकों को इस अमानवीय व्यवहार के विरूद्ध आवाज़ उठानी होगी और नन्ही जानों को इस अँधेरे से बाहर निकालने का प्रयत्न करना होगा।

'हमने अब है यह ठाना।
बाल व्यापार को जड़ से है मिटाना।।'



खुशबू वर्मा
दसवीं ट्यूलिप



दो कुत्तों की कहानी
(हास्य कविता)

एक समय की बात सुनाऊँ छोटी सी है कहानी
दो कुत्तों ने एक बार पिक्चर देखने की ठानी।
पहुँचे दोनों फिल्म हॉल, पर अंदर कैसे जाएँ
फिल्म शुरू होने को थी, पर सूझा न कोई उपाय।।

पहला बोला चुपके से हम अंदर घुस जाएँगे,
सीट के नीचे बैठकर फिल्म देख हम आएँगे।
एक-एक करके देखेंगे पिक्चर आधी-आधी
मैं देखूँगा मौत-विलन की, तुम हीरो की शादी
घुस गया पहला सीट के नीचे देखने लगा 'शोले',
देख बसंती को परदे पर बैठ गया मुँह खोले।
'बसंती इन कुत्तों के सामने मत नाचना' की सुनकर आवाज़
बैठे-बैठे कुत्ता भाई भूल गए सब काज।।

दौड़ा जैसे धर्मेंद्र हो उसका दुश्मन जानी
दो कुत्तों ने एक बार पिक्चर देखने की ठानी।
बोला बाहर आकर बड़ी मुश्किल से है जान बचाई,
अगर पकड़ा जाता तो होती बड़ी पिटाई।

छुपना तो न आया, दूजा बोला बनकर ज्ञानी,
दो कुत्तों ने एक बार पिक्चर देखने की ठानी
दूजा जाकर बैठा ही था कि ज़ोर से बोला गब्बर,
अरे ओ सांभा लगा निशाना इस कुत्ते पर।।

इतनी सुनी जो कुत्ते ने तो उड़ गए उसके तोते।
वह भी उड़ जाता अगर उसके भी पर होते।।
काँप रही थी टांगें थर-थर,
बाहर आकर बात बताई उसने तो डर-डर कर।।

अब न कभी देखेंगे पिक्चर,
यह दोनों ने ठानी।
दो कुत्तों की पिक्चर देखने की
यहीं समाप्त हुई कहानी।।



साइशा खन्ना
सातवीं लिली

ई कचरा- एक गंभीर समस्या



इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट अथवा ई- कचरा आधुनिक समय की गंभीर समस्या है। वर्तमान समय में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में काफी काम हो रहा है। इसके फलस्वरूप नए-नए उन्नत तकनीक वाले इलेक्ट्रॉनिक यंत्रों का उत्पाद हो रहा है। जैसे ही बाज़ार में उन्नत तकनीक वाला उत्पाद आता है, वैसे ही पुराने यंत्र बेकार हो जाते हैं।

इसी का नतीजा है कि आज कंप्यूटर, लैपटॉप, मोबाइल फोन, टी. वी., रेडियो, प्रिंटर आदि के रूप में ई कचरा बढ़ता जा रहा है। एक अनुमान के अनुसार, एक वर्ष में पूरे विश्व में लगभग 50 मिलियन टन ई कचरा उत्पन्न होता है। यह अत्यंत ही चिंताजनक विषय है क्योंकि ई-कचरे का निपटारा उस दर से नहीं हो पा रहा है जिस दर से उसका उत्पादन किया जा रहा है। इससे पर्यावरण के लिए गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है क्योंकि इलेक्ट्रॉनिक यंत्रों में आर्सेनिक, कोबाल्ट, मरकरी, लिथियम, कॉपर, क्रोम, लेड आदि धातुएँ होती हैं।

इन्हें खुले में जलाना या फिर मिट्टी में दबाना खतरनाक हो सकता है । इससे कैंसर जैसी कई गंभीर बीमारियों का खतरा कई गुना बढ़ गया है।

अब समय आ गया है कि ई-कचरे के उचित निपटान और पुन: चक्रण पर ध्यान दिया जाए अन्यथा पूरी दुनिया शीघ्र ही ई-कचरे का ढेर बन जाएगी। इसके लिए विकसित देशों को आगे आना होगा और विकासशील देशों के साथ अपनी तकनीकों को सांझा करना होगा। इस समस्या से निपटने के लिए पूरी दुनिया को एक होना होगा।

सुनयना पॉल
नवीं रोज़

महत्वाकांक्षा



महत्वाकांक्षा सफलता की कुंजी है और सफलता की दिशा में आगे बढ़ने में पहला कदम है। महत्वाकांक्षा कुछ हासिल करने की ज्वलंत इच्छा है। जब हम महत्वाकांक्षी होते हैं, तब हमारे पास एक दृष्टिकोण होता है। महत्वाकांक्षा के बिना जीवन क्या है? महत्वाकांक्षा हमारा लक्ष्य, उद्देश्य निर्धारित करती है। जब उद्देश्य स्पष्ट होता है तो तब हम इसे पूरा करने के लिए पूरे दिल से प्रयास करते हैं।

जीवन को दिशा देने के लिए महत्वाकांक्षा आवश्यक है। कोई भी व्यक्ति बिना महत्वाकांक्षा के नौका की तरह होता है, जो किसी भी दिशा में बहाव के साथ बहता चला जाता है और अंत में जीवन को व्यर्थ और निराश पाता है। जीवन में कुछ लक्ष्य होने आवश्यक हैं, जो मनुष्य को आगे बढ़ा सकें। मनुष्य सपने देखता है और उनको पूरा करने के लिए उसे काम करना पड़ता है।

हमें बड़ा सपना देखना चाहिए क्योंकि जब हम आकाश को लक्ष्य बनाते हैं, तो हम पेड़ के ऊपर पहुँचते हैं। हमें, अनुशासित और दृढ़ संकल्पित होने की ज़रूरत है और हमारी सफलता के लिए त्याग की भावना आवश्यक है। हमें अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए। जीवन में करने के लिए बहुत कुछ है, लेकिन यह हमारे ऊपर निर्भर करता है कि जब हमें मौका मिले तब हमारे पास लक्ष्य प्राप्ति का स्पष्ट दृष्टिकोण हो। महत्वाकांक्षा हमें हमारे लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए स्पष्टता प्रदान करती है, यदि हम वास्तव में कुछ करना चाहते हैं, तो हम उसे प्राप्त कर सकते हैं। हमें अपने कार्यों में मेहनत को अधिमान देने की आवश्यकता है। किसी ने ठीक ही कहा है, ''अगर हम अपने सपनों का निर्माण नहीं करेंगे एवं उनको पूरा करने के लिये प्रयासरत नहीं होंगे तो हम अपने मुकाम के स्थान पर किसी दूसरे को पाएँगे''।

तो आइए महत्वाकांक्षी बनें और सफलता की सीढ़ियाँ चढ़ें।

तनिशा शर्मा
दसवीं रोज़

राष्ट्रीय भाषा

विश्व भर में फैले हैं हिंदुस्तानी,
कहीं भी जाएँ, बोलें कोई भी वाणी।
सब बोलें अपनी राज-भाषा,
सबको प्यारी हिंदी अपनी मातृभाषा।

चौदह सितंबर का दिन बस चुका सबके दिलों में,
सब करें याद पुराने दिन 1949 के,
चलो, विदेशियों को बताएँ हिंदी बोली में कितना है बल,
इसमें प्रगति करेगा देश जो आ रहा है कल।

भले ही भारत में भी सब लोग बोलें अपनी राज भाषा,
परंतु कोई न भूले अपनी प्रिय राष्ट्रीय भाषा।

इतने मीठे बोल, शब्द के अर्थ हैं गहरे इसके,
बड़े-बड़े कवियों की रचनाएँ सुनकर मन मोह लिया है इसने।

हिंदी ही सदैव रहे हमारी राष्ट्रीय भाषा,
हर भारतीय की यही है अभिलाषा।
हे ईश्वर! तुमसे करते हैं हम निवेदन,
निरंतर पूर्ण करना हमारी यह आशा।।



अलंकृति अवस्थी
सातवीं ट्यूलिप

HOLISTIC DEVELOPMENT

Spiritual



Emotional




Sharing & Caring



Academical



Physical



Discipline & Co-ordination



Social



Environmental





शिमला के ताराहाल स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देतीं छात्राएं। इस दौरान कई रंगारंग कार्यक्रम भी पेश किए गए। अमर उजाला

'EMOTIONAL QUOTIENT MORE VITAL THAN IQ'





नीरेटो कान्वेंट स्कूल ताराहाल में आयोजित कार्यक्रम के विजेता प्रतिभागी को सम्मानित करते आयोजक।

सेंट एडवर्ड स्कूल के नाम रही बेस्ट डेलीगेशन ट्रॉफी

ताराहाल स्कूल में आयोजित हुई आईआईएम यूनाइटेड नेशंस स्पर्धाएं

अमर उजाला ब्यूरो

शिमला। राजधानी के लोरेटो कान्वेंट ताराहाल स्कूल में इंडियन इंटरनेशनल मॉडल यूनाइटेड नेशंस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इसमें मेजबान लोरेटो कान्वेंट ताराहाल ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर हर वर्ग में सबसे अधिक पुरस्कार जीते। मेजबान ताराहाल के आग्रह पर दूसरे स्थान पर रहे सेंट एडवर्ड स्कूल को बेस्ट डेलीगेशन की ट्रॉफी दी गई। डिबेट इंटरनेशनल मॉडल यूनाइटेड नेशनस स्पर्धा की मेजबानी कर रहा था, इसलिए सेंट एडवर्ड को पहला पुरस्कार प्रदान किया गया। लोरेटो कॉन्वेंट ताराहाल की प्रधानाचार्य सिस्टर निर्मला ने समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर विजेताओं को पुरस्कृत किया। उन्होंने इस स्पर्धा के सफल आयोजन पर खुशी जाहिर कर रते हुए सभी विजेता छात्र छात्राओं को बधाई दी। यूएन के सदन में कई अंतरराष्ट्रीय स्तर के मुद्दों पर बहस और चरचा की। इनमें आतंकवाद, यूएन वुमैन, यूएन के पर्यावरण कार्यक्रमों के अलावा अंतरराष्ट्रीय स्तर के आर्थिक और विशेष मसलों पर लंबी बहस हुई। जिसमें अलग अलग स्कूलों के डेलीगेट प्रतिनिधियों ने पूरे सदन की प्रक्रिया में हिस्सा लिया। वहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर की समस्याओं से निपटने को रास्ते खोज कर सुझाव भी पटल पर रखे। यूएन की इस पूरी प्रक्रिया में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागी अलग-अलग स्कूलों के छात्र छात्राओं में से अलग अलग कमेटियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं का चयन किया। उन्हें रविवार को हुए समापन समारोह में सम्मानित किया गया। इस अंतर स्कूल प्रतियोगिता में लोरेटो कॉन्वेंट ताराहाल, कान्वेंट आफ जीजस एंड मेरी, सेंट थामस स्कूल शिमला । डीएवी न्यू शिमला, सेंट एडवर्ड स्कूल के अलावा वाईपीएस चंडीगढ़ के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। लोरेटो कान्वेंट ताराहाल के डेलीगेशन की मुद्दों पर बहस और चरचा की। इनमें आतंकवाद, यूएन वुमैन, यूएन के पर्यावरण कार्यक्रमों के अलावा अंतरराष्ट्रीय स्तर के आर्थिक और विशेष मसलों पर लंबी बहस हुई। जिसमें अलग अलग स्कूलों के डेलीगेट प्रतिनिधियों ने पूरे सदन की प्रक्रिया में हिस्सा लिया। वहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर की समस्याओं से निपटने को रास्ते खोज कर सुझाव भी पटल पर रखे। यूएन की इस पूरी प्रक्रिया में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागी अलग-अलग स्कूलों के छात्र छात्राओं में से अलग अलग कमेटियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं का चयन किया। उन्हें रविवार को हुए समापन समारोह में सम्मानित किया गया। इस अंतर स्कूल प्रतियोगिता में लोरेटो कॉन्वेंट ताराहाल, कान्वेंट आफ जीजस एंड मेरी, सेंट थामस स्कूल शिमला । डीएवी न्यू शिमला, सेंट एडवर्ड स्कूल के अलावा वाईपीएस चंडीगढ़ के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। लोरेटो कान्वेंट ताराहाल के डेलीगेशन की मुद्दों पर बहस और चरचा की। इनमें आतंकवाद, यूएन वुमैन, यूएन के पर्यावरण कार्यक्रमों के अलावा अंतरराष्ट्रीय स्तर के आर्थिक और विशेष मसलों पर लंबी बहस हुई। जिसमें अलग अलग स्कूलों के डेलीगेट प्रतिनिधियों ने पूरे सदन की प्रक्रिया में हिस्सा लिया। वहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर की समस्याओं से निपटने को रास्ते खोज कर सुझाव भी पटल पर रखे। यूएन की इस पूरी प्रक्रिया में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागी अलग-अलग स्कूलों के छात्र छात्राओं में से अलग अलग कमेटियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं का चयन किया। उन्हें रविवार को हुए समापन समारोह में सम्मानित किया गया। इस अंतर स्कूल प्रतियोगिता में लोरेटो कॉन्वेंट ताराहाल, कान्वेंट आफ जीजस एंड मेरी, सेंट थामस स्कूल शिमला । डीएवी न्यू शिमला, सेंट एडवर्ड स्कूल के अलावा वाईपीएस चंडीगढ़ के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। लोरेटो कान्वेंट ताराहाल के डेलीगेशन की मुद्दों पर बहस और चरचा की। इनमें आतंकवाद, यूएन वुमैन, यूएन के पर्यावरण कार्यक्रमों के अलावा अंतरराष्ट्रीय स्तर के आर्थिक और विशेष मसलों पर लंबी बहस हुई। जिसमें अलग अलग स्कूलों के

राजधानी के कई स्कूलों के छात्रों ने अंतरराष्ट्रीय महत्व मुद्दों पर की बहस

अभिषेक को बेस्ट डेलीगेट का पुरस्कार दिया गया। वहीं यूएनसीएसडब्लू कमेटी ने आभ्या को स्पेशल मेंशन जबकि पलिवा को को हाई कमेंडेशन जबकि इस वर्ग में अभिजय को नगर को बेस्ट डेलीगेट का ईनाम दिया गया। वहीं यूएनडब्लू कमेटी ने साल्या को स्पेशनल मेंशन, काव्वी कौशल को हाई कमेंडेशन तो ब्रुति गर्ग को बेस्ट डेलीगेट का पुरस्कार दिया गया। लोक सभा कमेटी ने रोशनी घई को स्पेशल मेंशन , चिराग चौहान को हाई कमेंडेशन तो अपारिका कौशल को बेस्ट डेलीगेट चुना। आईपी कमेटी ने रूबल जीनवाल को बेस्ट जर्नलिस्ट जबकि शिवांगी राणा को बेस्ट फोटोग्राफर, यूएनईपी कमेटी ने अशनूर को हाई कमेंडेशन जबकि राघव सूद को बेस्ट डेलीगेट वहीं स्तुति सेठ को स्पेशल मेंशन चुना। यूएनईएफ कमेटी ने परनिता कमल को स्पेशन मेंशन, माला जैन को हाई कमेंडेशन, वहीं तनीशा भाटिया को बेस्ट डेलीगेट का पुरस्कार चुना गया। डब्लू एचओ कमेटी ने सभ्या को स्पेशन मेंशन जबकि इनाया को बेस्ट कमेंडेशन और आरुषि वर्मा को बेस्ट डेलीगेट चुने जाने पर नवाजा गया।

अमर उजाला
08 April 2018

मैराथन में गुन्वी, लक्षिता और वंशिका विजेता

शिमला। राजधानी के लोरेटो कॉन्वेंट ताराहल स्कूल ने गो ग्रीन, कीप क्लीन अवर हिल्स क्वीन के संदेश के साथ मैराथन का आयोजन किया। छात्राओं के लिए तीन वर्गों में, जबकि अभिभावकों के वर्ग में माता-पिता के लिए अलग से दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। एडीएम लॉ एंड ऑर्डर प्रभा राजीव ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दौड़ में 640 छात्राओं और 80 अभिभावकों ने भाग लिया। मैराथन में पांचवीं कक्षा में गुन्वी धारू ने पहला, कैरलीन खीरू ने दूसरा, जबकि काव्या ने तीसरा स्थान हासिल किया। मैराथन आयोजन में स्कूल के खेल अध्यापक शर्मीला चौहान, चंद्रा ठाकुर, अर्शदीप कौर, दिनेश ठाकुर ने भरपूर सहयोग किया। ब्यूरो



अमर उजाला
30 May 2018

शिमला की अस्मिता टॉपर, 98.6% अंक झटके



शिमला की अस्मिता हिमाचल में टॉपर



शिमला– केंद्रीय शिक्षा माध्यमिक बोर्ड की दसवीं की परीक्षा में ताराहाल स्कूल शिमला की छात्रा अस्मिता सुद ने हिमाचल में टॉप किया है। अस्मिता ने 98.6 फीसदी अंक हासिल कर पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। वहीं, ऊना डीएवी स्कूल की छात्रा सरगम 98.4 फीसदी अंकों के साथ प्रदेश में दूसरे स्थान पर रही है। मंगलवार को घोषित परीक्षा परिणाम में हिमाचल प्रदेश में सीबीएसई दसवीं का परिणाम 94.45 फीसदी रहा है।



ताराहाल स्कूल की छात्र परिषद ने ली शपथ

प्रांजल चुनी गई स्कूल प्रमुख, रिया सह प्रमुख

शिमला। राजधानी के लोरेटो कान्वेंट ताराहाल की नए शैक्षणिक सत्र के लिए चुनी गई छात्र परिषद ने सोमवार को शपथ ग्रहण की। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानाचार्य सिस्टर स्टेफिनी रॉड्रिक ने छात्राओं को पद की शपथ दिलवाई। प्रधानाचार्य ने नई छात्र परिषद में चुनी गई छात्राओं से स्कूल में अनुशासन को बनाए रखने और शिक्षा में गुणात्मक सुधार, स्कूल के विकास की गतिविधियों में सहयोग करने की अपील करते हुए अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा के साथ निभाने को कहा। छात्र परिषद में स्कूल छात्रा प्रमुख के रूप में प्रांजल पुरी और सह प्रमुख के रूप में रिया शंकर ने शपथ ली। इसके अलावा भव्या चौहान स्कूल की उप छात्रा प्रमुख, मानसी ठाकुर खेल कप्तान, पलक भारद्वाज खेल उप कप्तान, चारों सदनों के कप्तान और उपकप्तान ने भी समारोह में शपथ ग्रहण की। इनमें अशोक सदन में सिद्धांती शर्मा, काव्या उप कप्तान, नेहरू सदन में शुभांगी रोल्टा और खुशी मेहता, टैगोर सदन में आदिति कारपा और परिनिती कमल जबकि शैक्सपियर सदन में उर्वी खन्ना और खुशबू वर्मा को क्रमशः कप्तान और उप कप्तान की जिम्मेदारी सौंपी गई।



शिमला के ताराहाल स्कूल में छात्र परिषद शपथ समारोह में हिस्सा लेतीं छात्राएं।

ताराहाल स्कूल में छात्राओं ने जमाया रंग

अमर उजाला ब्यूरो



शिमला के ताराहाल स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देतीं छात्राएं।

शिमला। राजधानी के लोरेटो कान्वेंट ताराहाल में खीरवार को हुए वार्षिक समारोह में स्कूल की छात्राओं ने एक से बढ़कर एक रंगारंग प्रस्तुतियां देकर खूब रंग जमाया।

इससे स्कूल की पूर्व शिक्षिका आईरीन चंद्र रत्न बतौर मुख्यातिथि शरीक हुईं। उन्होंने छात्राओं की ओर से पेश की गई रंगारंग प्रस्तुतियों का आनंद लिया और खूब सराहा। समारोह में प्रधानाचार्य सिस्टर निर्मला के दिशानिर्देशों पर तैयार किए गए चौथटा नाटक का मंचन किया गया। इसमें छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का बखूबी प्रदर्शन किया। नाटक का निर्देशन ईंग्लिश विभाग की शिक्षिका सरला कांत ने किया। छात्राओं ने अंग्रेजी, पंजाबी और पहाड़ी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। नाटक में छठी कक्षा से लेकर दसवीं तक की छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रधानाचार्य सिस्टर निर्मला ने अंत में मुख्यातिथि और अभिभावकों का इस समारोह के पहले दिन पहुंच कर सफल बनाने के लिए आभार जताया।

ताराहाल की छात्राओं निकाली रैली

शिमला। राजधानी के लोरेटो कान्वेंट ताराहाल की छात्राओं ने बेटियों पर हो रही दुष्कर्म और अत्याचार की घटनाओं के विरोध में सोमवार को रैली निकाली और इस पर रोक लगाने की मांग की। दुष्कर्म जैसी घटनाओं की पीड़ित बेटियों को न्याय दिलवाने के लिए इस मूक मार्च के माध्यम से मांग उठाई गई। स्कूल से लेकर सीटीओ चौक और उसके बाद लोअर बाजार होते हुए सैकड़ों छात्राओं के इस जुलूस में स्कूल के शिक्षक भी शामिल हुए। स्कूल की जेपीआईसी टीम की अगुवाई में निकाले गए इस जुलूस में आठवीं से बारहवीं कक्षा तक की सैकड़ों छात्राएं शामिल हुईं।



तारा हॉल स्कूल की छात्राओं ने निकाला मौन जुलूस



भारत में छात्राओं के साथ हो रहे दुराचार के विरोध में विरोध रैली निकालते हुए छात्राएं। (ऑन)

शिमला, 23 अप्रैल (चांदिका) : बच्चियों और महिलाओं के साथ हो रहे दुराचार और दुव्यवहार के विरोध में लोरेटो कॉन्वेंट तारा हॉल स्कूल की छात्राओं ने मौन जुलूस निकाला। ये मार्च स्कूल परिसर से 9 बजे से शुरू हुआ जो शिमला के लेरो ए पंजाब तक निकाला गया। इसके बाद छात्राओं ने सेंट माइकल चर्च में मोमबत्तियां जलाकर दुराचार की घटनाओं में मारी गई लड़कियों की आत्मा की शांति की प्रार्थना की और दोषियों को जल्द से जल्दसजा देने की मांग की। इस दौरान शिमला के लोरेटो कॉन्वेंट तारा हॉल स्कूल की 8वीं से 12वीं कक्षा की छात्राओं और शिक्षक शामिल रहे। मौन जुलूस स्कूल की जेपीआईसी टीम कोओर से आयोजित किया गया। इस टीम की संस्थापिका मैरी वॉर्ड है, जिन्होंने लड़कियों को शिक्षित करने के लिए इस संस्था की स्थापना की थी और लड़कियों की भलाई के बारे में सोचा। इसी मुहिम को आगे बढ़ाते हुए, भारत के सभी लोरेटो स्कूल में इस तरह का मौन जुलूस निकाला गया।



Loreto Convent Tara Hall School, Shimla

With an aim to emphasise the need of sustainable development, the school organised the "annual school marathon 'Go green, keep clean our Hill Queen' from Ambedkar Chowk, Chaura Maidan. As many as 720 participants, including more than 640 school students from classes V to XII and 80 parents took part in the cause. Prabha Rajeev, Additional District Magistrate, the chief guest on the occasion, gave away the prizes to the winners in various categories. She also emphasised the need for physical activities for overall development of students. Principal Stephanie Rodrigues congratulated the participants, the parents and the staff.

ताराहाल में नवाजे गए सीबीएसई परीक्षा के टॉपर



छात्राओं ने दिया शांति के महत्व का दिया संदेश



लोरेटो कॉन्वेंट स्कूल मेले में बच्चों ने विभिन्न व्यंजनों का लिया स्वाद

शिमला, 13 मई (ब्यूरो) : लोरेटो कॉन्वेंट स्कूल तारा हॉल में बच्चों ने छोले बट्रे, टिक्की, चाट-पापड़ी, मामोज, डोसा, प्रफ्राइड राइस, चाउमीन के खूब चटखारे लगाए। ये मौका था तारा हॉल में आयोजित स्कूल मेले का।

इस अवसर पर एएसवी त्रिलत्ता प्रवीन ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। प्रधानाचार्य सिस्टर निर्मला व मुख्यातिथि ने सबसे पहले मेले में लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया। इसमें बच्चों ने विभिन्न खाने-पीने के स्टॉल लगाए थे। इसके अलावा स्कूल मेले में विभिन्न खेल भी आयोजित किए गए। जिसमें घोड़ा दौड़, तंबोला, नीकिंग द केनज, रैजल-डैजल, स्पिन एंड विन, जंपिंग-जैक आदि खेलकूद गतिविधियां आयोजित की गई। स्कूल में इस अवसर पर जैम सैशन का आयोजन किया गया। मेले में स्कूल की छात्राओं और बाहर से आए लोगों ने भी खूब आनंद उठाया। स्कूल की प्रधानाचार्य सिस्टर निर्मल ने इस मेले को सफल बनाने के लिए छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों का धन्यवाद व्यक्त किया।

